प्रेस नोट **दिनांक 05.04.2021**

सराहनीय कार्य जनपद बागपत

- **थाना छपरौली पुलिस 25 हजार रूपये का ईनामी/वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय दो जिंदा कारतूस नाजायज बरामद।**

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–</u>

सचिन पुत्र यशपाल निवासी ग्राम कुर्डी थाना छपरौली जनपद बागपत। **(25 हजार रूपये का ईनामी)**

<u>बरामदगी का विवरण –</u>

एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस।

<u>घटना का संक्षिप्त विवरण एवं पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही–</u>

थाना छपरौली पुलिस– द्वारा दिनांक 04.04.2021 समय करीब 14:00 बजे मुखबिर की सूचना पर छपरौली–टांडा रोड से वांछित अभियुक्त सचिन पुत्र यशपाल निवासी ग्राम कुर्डी थाना छपरौली जनपद बागपत को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस नाजायज बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्व थाना छपरौली पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सचिन थाना छपरौली के मु0अ0सं0 212/2020 धारा 147, 148, 149, 307, 302, 120बी, 34, 506 भादवि में वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक महोदय बागपत द्वारा 25 हजार रूपये का ईनाम धोषित किया गया था।

- **अवैध शराब की तस्करी करने वाले 06 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक मो0सा0 व 08 पेटी देशी शराब नाजायज बरामद।**

<u>थाना खेकडा पुलिस–</u> द्वारा आज दिनांक 04.04.2021 को घिटौरा अंडरपास के पास से अभियुक्त 1–सुभाष पुत्र भूलेराम 2–सागर पुत्र रामपाल निवासी ग्राम घिटौरा थाना खेकडा जनपद बागपत 3–विनोद पुत्र धर्मसिंह निवासी कस्बा व थाना बिनौली जनपद बागपत 4–विवेक पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम जलालपुर थाना सुनगढी कासगंज को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 04 पेटी देशी शराब नाजायज बरामद की गई है। अभियुक्तों के विरूद्व थाना खेकडा पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>थाना छपरौली पुलिस–</u> द्वारा आज दिनांक 05.04.2021 को अभियुक्त 1–कुलदीप पुत्र बलजोर 2–सोनू पुत्र सुरेशपाल निवासीगण ग्राम नांगल थाना छपरौली जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से एक मो0सा0 स्पलेण्डर प्लस मय 04 पेटी देशी शराब नाजायज बरामद की गई है। अभियुक्त के विरूद्व थाना खेकडा पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना छपरौली पुलिस द्वारा आबाकरी अधिनियम में एक एसेन्ट कार मय 37 पेटी अंग्रेजी शराब अरूणाचल प्रदेश मार्का नाजायज बरामद।**

थाना छपरौली पुलिस– द्वारा दिनांक 04.04.2021 को चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ऋषिकुल स्कूल के पास जागोस से एक एसेन्ट कार फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुई मय 37 पेटी अंग्रेजी शराब अरूणाचल प्रदेश मार्का नाजायज बरामद की गई है। अभियुक्त मौके से फरार हो

गया जिसकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है। इस सम्बन्ध में थाना छपरौली पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना बडौत पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

  थाना बडौत पुलिस– द्वारा आज दिनांक 05.04.2021 को मु0अ0सं0 247/2021 धारा 354, 452, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त गुलशन पुत्र जीतसिंह निवासी ग्राम जोनमाना थाना बडौत जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरूद्व थाना बडौत पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना कोतवाली बागपत पुलिस द्वारा जुआ अधिनियम में एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से सटटा पर्चा व 500 रूपये नकद बरामद।**

  थाना कोतवाली बागपत पुलिस– द्वारा दिनांक 04.04.2021 को कस्बा बागपत से सटटे की खाई–बाडी करते हुए अभियुक्त तालिब पुत्र ताहिर उर्फ सेवा निवासी कस्बा व थाना बागपत जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से सटटा पर्चा व 500 रूपये नकद बरामद किये गये है। अभियुक्त के विरूद्व थाना कोतवाली बागपत पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।